आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के दौरान आज शाम इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचेंगे।
- विजय दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल ने भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय साहस और अटल समर्पण को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
- कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा–मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से फर्जी मतदाताओं को हटाया जाएगा।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से नए साल की पूर्व संध्या पर एम वी स्वराज द्वीप की बैरन द्वीप के लिए एक विशेष यात्रा की घोषणा की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में आज शाम दो दिन की यात्रा पर इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉक्टर अबी अहमद अली के साथ व्यापाक विचार–विमर्श करेंगे। ग्लोबल साउथ के देशों में साझेदार होने के कारण प्रधानमंत्री की यह यात्रा मित्रता के निकटतम संबंधों को सशक्त बनाने तथा द्विपक्षीय सहयोग को विस्तार देने के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करती है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज विजय दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपने संदेश में भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय साहस और अटल समर्पण को अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके शौर्य के कारण ही हमें 1971 में यह निर्णायक विजय प्राप्त हुई थी। यह दिवस उनके सर्वोच्च बलिदानों और हमारे राष्ट्र की संप्रभुता, सम्मान और अखंडता की रक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की एक कालजयी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि उनका साहस और समर्पण हर भारतीय को राष्ट्रीय पहचान के मूल में निहित एकता, स्वतंत्रता और देशभक्ति के स्थायी मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। उप–राज्यपाल ने द्वीपवासियों से राष्ट्र के साथ इस दिन को श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ मनाने की अपील की।

<><><><><><>

विद्युत विभाग की ओर से आम जनता, सरकारी विभागों और निजी संगठनों से कहा गया है कि विभाग बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने और लोड शेडिंग को कम करने या पूरी तरह समाप्त करने के लिए दक्षिण अंडमान में विभिन्न संवर्द्धन परियोजनाओं पर काम कर रहा है। इस सिलसिले में नई लोड शेडिंग सूची तैयार की गई है। नई सूची के अनुसार औसत लोड शेडिंग को घटाकर 3 घंटे किया जा रहा है। रात के समय लोड शेडिंग नहीं की जाएगी। आज से दिन और शाम के लिए क्षेत्रवार अस्थायी लोड शेडिंग अनुसूची जारी की गई है जो तत्काल प्रभाव से 30 दिनों के लिए लागू रहेगी। ग्रिड आपूर्ति पर उपभोक्ताओं की निर्भरता को कम करने के लिए उपभोक्ताओं से अपने घर में सोलर रूफटॉप स्थापित करने की अपील की गई है।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन की ओर से "संपर्क से समाधान –प्रशासन गाँव की ओर" कार्यक्रम के तहत हाल ही में माध्यमिक विद्यालय, बोरंग में एक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपायुक्त सुशांत पाधा ने की, जिसका उद्देश्य दूर–दराज के गाँवों के निवासियों तक पहुंचना था। संवादात्मक सत्र के दौरान, क्षेत्र के निवासियों ने विकासात्मक गतिविधियों से संबंधित कई मुद्दे उठाए। संबंधित विभागों द्वारा कई मुद्दों का तत्काल निवारण किया गया।

<><><><><><>

राज्यसभा में कल चुनाव सुधारों पर चर्चा फिर शुरू हुई। चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के सुधार, प्रदर्शन और रूपांतरण के सिद्धांत के अंतर्गत देश विकास की ओर अग्रसर है। श्री मेघवाल ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से फर्जी मतदाताओं को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले, चर्चा में भाग लेते हुए ऑल इंडिया अन्ना डी.एम.के. के डॉ. एम. थंबीदुरई ने कहा कि शुद्ध और सटीक मतदाता सूची लोकतंत्र को मजबूत करती है और पारदर्शिता मतदाताओं को सशक्त बनाती है।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से नए साल की पूर्व संध्या पर एम वी स्वराज द्वीप की बैरन द्वीप के लिए एक विशेष यात्रा की घोषणा की गई है। न्यू ईयर सेलिंग के रूप में यह यात्रा यात्रियों को एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी, बैरन द्वीप के दृश्यों के साथ अंडमान के खुले समुद्र के बीच नए साल का

स्वागत करने का अवसर प्रदान करेगी। जहाज हैडो जेट्टी से 31 दिसम्बर को रात्रि नौ बजे बैरन द्वीप के लिए छूटेगा। डीलक्स श्रेणी के लिए 8,310 रूपये, प्रथम श्रेणी के लिए 6,340 रूपये, द्वितीय श्रेणी के लिए 4,290 रूपये और बंक श्रेणी के लिए 3,180 रूपये किराया निर्धारित किया गया है। टिकटों की बुकिंग कल सुबह नौ बजे से ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। यात्रियों की सुविधा के लिए क्यूआर कोड भी प्रदान किया गया है।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने जनवरी और फरवरी माह के लिए मुख्यभूमि के लिए यात्रा कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। एम वी स्वराजद्वीप श्री विजयपुरम से दो जनवरी सुबह दस बजे चेन्नई के लिए रवाना होगा और चेन्नई से नौ तारीख को शाम चार बजे वापसी करेगा। अपनी अगली यात्रा पर जहाज 16 जनवरी को कोलकाता, 29 जनवरी को विशाखापत्तनम और 9 फरवरी को चेन्नई की यात्रा पर रवाना होगा।

उधर, तकनीकी खराबी के कारण चाथम और बम्बूफ्लाट के बीच चलने वाले जलयान एम वी लापाती की सेवा आज से स्थगित की गई है। विभाग ने कहा है कि मरम्मत कार्य के पूरा हो जाने पर इस सेवा को फिर से बहाल किया जाएगा। इस दौरान चाथम–बम्बूफ्लाट के बीच एक ही जलयान अपनी सेवाएं प्रदान करेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड टुशनाबाद ग्राम पंचायत के सहयोग से, 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे पंचायत परिसर में निर्माण श्रमिकों के लिए एक जागरूकता–सह–पंजीकरण शिविर का आयोजन करेगा। इस शिविर का उद्देश्य निर्माण श्रमिकों को बोर्ड द्वारा लागू की गई विभिन्न सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। श्रमिको का मौके पर ही पंजीकरण किया जाएगा। क्षेत्र के सभी निर्माण श्रमिकों को इस अवसर का लाभ उठाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत अकाउंटेंट और सेक्रेटेरियल असिस्टेंट के एक–एक पदों पर संविदा आधार पर भर्ती की जाएगी। ये नियुक्तियां पन्द्रह जनवरी 2026 से

31 मार्च 2026 की अवधि के लिए की जाएंगी। आवेदन ई–रिक्रूटमेंट पोर्टल के माध्यम से किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर शाम 5 बजे तक है।

उधर, कोचिन शिपयाड़ लिमिटेड की ओर से श्री विजयपुरम स्थित शिप रिपेयर यूनिट में प्रोजेक्ट असिस्टेंट के तीन पदों पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किए जा सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार 31 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**<><><><><><><>**

समाचार पत्रों की सुर्खियां

नववर्ष की पूर्व संध्या पर 31 दिसम्बर को बैरन द्वीप के लिए एम वी स्वराजद्वीप की विशेष यात्रा का आयोजन करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने डिगलीपुर में चले सप्ताहव्यापी विकास मेला के सम्पन्न होने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रशासन की ओर से इको–टूरिज़्म परियोजनाओं को लॉन्च करने के समाचार को अपने अखबार के मध्य में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाने, जबकि इंफो इंडिया ने सांसद द्वारा सोशल मीडिया पर मशहूर द्वीपसमूह के कलाकारों को सम्मानित करने के समाचार को प्रमुखता से छापा है।

**<><><><><><><>**